# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 18.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम–किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त की जारी– 9 करोड़ 26 लाख से अधिक किसान हुए लाभान्वित।
- राज्य मंत्रिमण्डल ने पुलिस विभाग में कांस्टेबल के एक हज़ार 2 सौ 26 पदों की भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने की मंजूरी दी।
- प्रदेश में उपचुनाव के लिए नामांकन के चौथे दिन हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने भरा पर्चा– कांग्रेस ने मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश ठाकुर को देहरा से बनाया प्रत्याशी।

और

- भीषण गर्मी व पेयजल की कमी को देखते हुए जलशक्ति विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक– शिमला शहर में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध।

--------------

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से पीएम–किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की। इस दौरान 9 करोड़ 26 लाख से अधिक किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री कृषि सखियों के रूप में स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पीएम–किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और काशी की पवित्र भूमि से योजना की 17वीं किश्त जारी करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है।

## जयराम ठाकुर

इस बीच, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि की 17वीं किश्त जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा

कि इस बार 9 करोड़ 26 लाख से अधिक किसानों को 20 हज़ार करोड़ रूपए उनके खाते में डाले गए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**मंत्रिमण्डल**

प्रदेश मंत्रिमण्डल ने पुलिस विभाग में आरक्षी कांस्टेबल के एक हज़ार 2 सौ 26 पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा में एक वर्ष की छूट देने को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। मंत्रिमण्डल ने शिक्षा विभाग में 6 हज़ार 2 सौ 97 प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा प्रशिक्षकों की नियुक्ति सहित विभिन्न सरकारी विभागों में 6 हज़ार 6 सौ 30 से अधिक पद सृजित कर इन्हें भरने को स्वीकृति प्रदान की। बैठक में स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग में चिकित्सा अधिकारियों के 2 सौ पद सृजित करने और भरने के अतिरिक्त, विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रोफेसर, एसोशिएट प्रोफेसर व सहायक प्रोफेसर के 22 पद भरने को भी मंजूरी प्रदान की गई। मंत्रिमण्डल ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल में विभिन्न श्रेणियों के 84 पद सृजित कर भरने और नगर व ग्राम नियोजन विभाग में विभिन्न श्रेणियों के 13 पद भरने की स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिमण्डल ने प्रदेश में वनों की आग, सूखे की स्थिति, जल संकट और मानसून की स्थिति की भी समीक्षा की।

**उपचुनाव**

प्रदेश में तीन विधानसभा क्षेत्रों हमीरपुर, नालागढ़ और देहरा में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को मतदान होना है। इन चुनावों के लिए कांग्रेस पार्टी ने देहरा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों ने इन उपचुनावों के लिए सभी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इन चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन 21 जून है। नामांकन के चौथे दिन आज हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने हमीरपुर में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। देहरा व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद हमीरपुर के गांधी चौक में भाजपा ने एक रैली का आयोजन किया जिसमें पार्टी प्रत्याशी आशीष शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पूर्व

केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर आशीष शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपनी एक भी घोषणा को अमली जामा नहीं पहनाया और इस सरकार में मुख्यमंत्री किसी की भी सुनवाई नहीं करते। इस अवसर पर राजीव बिंदल ने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार ने संविधान की धजियां उड़ा दी हैं और लोकसभा चुनाव में 61 विधानसभा क्षेत्रों में हारने के बावजूद भी अपने चेहतों को कैबिनेट रैंक बांटे जा रहे हैं।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल की कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और कांग्रेस ने प्रदेश पर उपचुनाव थोप कर राज्य के हितों के साथ खिलवाड़ किया है। वे आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान हमीरपुर के गांधी चौक पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से उन्हें लगातार पांचवीं बार सांसद बनाने के लिए जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा के ये तीन उपचुनाव भी लोकसभा के साथ हो जाने चाहिए थे लेकिन कांग्रेस ने इनमें जानबूझ कर विलंब किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि पिछले 16 महीनों में प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने राज्य पर सिर्फ कर्ज बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के समय प्रदेश में जंगलों की आग में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है और लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 18 महीनों में हमीरपुर और नादौन विधानसभा क्षेत्रों को कोई भी प्रोजेक्ट नहीं मिला है। उन्होंने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को विजयी बनाने का लोगों से आह्वान किया।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर ज़िले में चलाए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों को समय पर पूरा करने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं। वे आज किन्नौर ज़िले के रिकांगपिओ में आयोजित परियोजना सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जगत सिंह नेगी ने विभिन्न संपर्क मार्गों के कार्यों में गुणवत्ता लाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग व एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय निचार को लेकर भी विस्तृत चर्चा की।

## धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि राज्य सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने को विशेष अधिमान दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 3 सौ 64 तकनीकी व औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान विद्यार्थियों को रोज़गारपरक शिक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। राजेश धर्माणी ने कहा कि इन संस्थानों में विद्यार्थियों को सुचारू प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग में युक्तिकरण प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न श्रेणियों के लगभग 80 कर्मचारियों का युक्तिकरण किया गया है जिससे व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण हासिल कर रहे प्रशिक्षु लाभान्वित होंगे।

## अवकाश

प्रदेश में सूखे की स्थिति के मद्देनज़र लोगों को पेयजल के साथ–साथ कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक स्थानों पर लोगों को चार–पांच दिन बाद भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्राकृतिक जलस्रोतों में पेयजल की कमी, पेयजल आपूर्ति, पेयजल वितरण व योजनाओं को हुए नुकसान की शिकायतें मिल रही हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार ने हालात सामान्य होने तक जलशक्ति विभाग के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की छुट्टियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस बीच पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुए नगर निगम शिमला ने शिमला शहर में निर्माण कार्यों पर 30 जून तक पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उधर, भीषण गर्मी के चलते ऊना ज़िले में सभी सरकारी व निजी स्कूलों को आगामी दो दिन 19 और 20 जून को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस दौरान स्कूलों को बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के लिए डिजिटल माध्यमों के उपयोग के निर्देश दिए गए हैं। एस.डी.एम. ने कहा है कि निर्धारित परीक्षाएं सुबह 7 बजे से 11 बजे के बीच आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चल रहा है। ऊना में आज सबसे अधिक 44 डिग्री सैल्सियस जबकि बिलसपुर में 42 दशमलव 9, कांगड़ा, हमीरपुर, चम्बा और सुंदरनगर में तापमान 41 डिग्री सैल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 24 घण्टों

के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा होने की संभावना जताई है। विभाग ने मैदानी इलाकों में एक–दो स्थानों पर लू चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

**प्रदर्शन**

दृष्टिबाधित संघ ने विभिन्न विभागों में पिछले 8 महीनों से लंबित बैकलॉग भर्तियों के तहत पद भरने की मांग को लेकर आज शिमला में राज्य सचिवालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। दृष्टिबाधितों का कहना है कि प्रदेश सरकार के साथ कई दौर की बातचीत हुई लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ है और मजबूरन उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ा है।

**उत्सव**

कुल्लू में जल विहार का उत्सव आज बड़ी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान रघुनाथ जी को मंदिर से बाहर लाकर एक कुण्ड में स्नान करवाया गया जिसे जलक्रीड़ा भी कहा जाता है। भगवान रघुनाथ जी के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बताया कि भगवान रघुनाथ जी साल में सिर्फ पांच बार मंदिर से बाहर आते हैं और आज भगवान को चंदन का लेप लगाने के बाद स्नान कराया जाता है। उन्होंने बताया कि कल से भगवान रघुनाथ जी को दशहरा उत्सव शुरू होने के दिन तक शरबत का भोग लगाया जाएगा। इधर, शिमला में चल रहे चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे और बॉलीवुड गायक दिलेर मेंहदी लोगों का मनोरंजन करेंगे।

......